सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-375
23/08/2018

मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ पत्रकार कुलदीप नैयर के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 23 अगस्त 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने वरिष्ठ पत्रकार कुलदीप नैयर के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा है कि कुलदीप नैयर जिंदगी के आखिरी समय तक लेखनी और पत्रकारिता से जुड़े रहे। 1990 में उन्हें ग्रेट ब्रिटेन में उच्चायुक्त नियुक्त किया गया। 1997 में बेहतर लेखनी के लिए उन्हें राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया। आपातकाल के दौरान सरकार के खिलाफ लेख लिखने के कारण उन्हें जेल भी जाना पड़ा। उनके निधन से न केवल साहित्यजगत में बल्कि सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में भी अपूरणीय क्षति हुई है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों, अनुयायियों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******